यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय **मुख्य अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, देहरादून** द्वारा उपलब्ध करायी गई सूचना के आधार पर तैयार किया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गई किसी ऋटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), उत्तराखण्ड, महालेखाकार भवन, कौलागढ, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय **मुख्य अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, देहरादून** के माह 09/2016 से 03/2018 तक के लेखा–अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन जो श्री एस0एस0 राणा, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री पवन कुमार, लेखापरीक्षक द्वारा दिनॉक 24.04.2018 से 27.04.2018 तक श्री आई0के0 जुयाल, वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

## भाग–I

1. **परिचयात्मकः–** इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री रविन्द्र कुमार एवं श्री मुकेश कुमार, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों द्वारा दिनॉक 07.09.2016 से 12.09.2016 तक श्री आई0के0 जुयाल, वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित की गई थी, जिसमें माह 04/2012 से 08/2016 तक के लेखा–अभिलेखों की जॉच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 09/2016 से 03/2018 तक के लेखा–अभिलेखों की जॉच की गयी।

2. **(i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः**

इकाई द्वारा उत्तराखण्ड राज्य में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों के निष्पादन एवं सुचारु क्रियान्वयन हेतु समन्वय सुनिश्चित करने के साथ–साथ तकनीकी विशिष्टियों पर परामर्श, परियोजना रिपोर्टो का मूल्यांकन, वित्तीय प्रबन्धन की **व्यवस्था**, निविदा प्रक्रिया, गुणवत्ता नियंत्रण/तकनीकी निरीक्षण तथा अनुश्रवण का कार्य किया जाता है। इकाई का भौगोलिक अधिकार क्षेत्र सम्पूर्ण उत्तराखण्ड राज्य है जिसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों को सम्पादित किया जाता है।

**(ii) (अ)** विगत तीन वर्षों में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

**(रु0 लाख में)**


| क्र0 सं0 | विवरण | 2015–16 | 2016–17 | 2017–18 |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रारम्भिक अवशेष | 91.22 | 74.27 | 91.16 |
| 2. | वर्ष में कुल प्राप्तियां | 506.99 | 148.91 | 550.00 |
| 3. | कुल योग (1 + 2) | 598.21 | 223.18 | 641.16 |
| 4. | वर्ष के दौरान कुल व्यय | 523.94 | 132.02 | 548.71 |
| 5. | अन्तिम अवशेष (3-4) | 74.27 | 91.16 | 92.45 |

**(ब)** केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत् हैः

**(रु0 लाख में)**

| वर्ष | योजना का नाम | प्रारम्भिक अवशेष | प्राप्त | व्यय | आधिक्य (+) | बचत (-) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015—16 | पी0एम0जी0एस0वाई0 के अन्तर्गत प्रोग्राम फण्ड | — | 453.19 | 449.68 | — | 3.51 |
| 2016—17 | | 3.51 | 450.00 | 451.99 | — | 1.52 |
| 2017—18 | | 1.52 | 761.60 | 607.33 | — | 155.79 |

**(iii)** इकाई को बजट आबंटन केन्द्रांश के रुप में भारत सरकार तथा राज्यांश के रुप में राज्य सरकार द्वारा प्राप्त होता है। गैर—स्थापना व्यय को सम्मिलित न करते हुए इकाई "ग" श्रेणी की है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत् हैः—



**(iv) लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा में कार्यालय मुख्य अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, देहरादून को आच्छादित किया गया। समस्त स्वाधीन आहरण एवं वितरण अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक–पृथक जारी किए जा रहे हैं। यह निरीक्षण प्रतिवेदन कार्यालय मुख्य अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, देहरादून की लेखापरीक्षा में पाए गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह अक्टूबर 2016 एवं मई 2017 को अधिकतम व्यय के आधार पर विस्तृत जॉच हेतु चयनित किया गया।

**(v)** लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाए गये नियंत्रक– महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्तें) अधिनियम, 1971 (डी0पी0सी0 एक्ट 1971) की धारा 13 लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गई।

# भाग–II 'ब'

**प्रस्तर–1 राज्य सरकार पर रु0 48.71 करोड की लम्बित देयता।**

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना की निर्देशिका 11.5 के अनुसार सामान्यतः निविदा की लागत अनुमानित लागत के आस–पास होनी चाहिए। समय सीमा से अधिक समय लेने, विचलन एवं प्राप्त निविदाओं का मूल्य मंत्रालय द्वारा स्वीकृत अनुमान से अधिक हो तो वह समस्त अन्तर राज्य सरकार द्वारा वहन किया **जाएगा**।

कार्यालय मुख्य अभियंता, यू0आर0आर0डी0ए0, पी0एम0जी0एस0वाई0, देहरादून की लेखापरीक्षा में पाया गया था कि 67 निर्माण कार्यो में भारत सरकार से स्वीकृत धनराशि रु0 373.96 करोड के सापेक्ष रु0 422.67 करोड का व्यय विचलन एवं निविदा आधिक्य के रुप में किया गया तथा आधिक्य व्यय हुई धनराशि रु0 48.71 करोड को प्रोग्राम फण्ड से वहन किया गया, जबकि उक्त आधिक्य धनराशि को पूर्ण रुप से राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाना था। विभाग द्वारा उक्त धनराशि प्रोग्राम फण्ड में स्वीकृत अन्य कार्यों की धनराशि से अस्थाई रुप से व्यय की गई थी, जिसका समायोजन राज्य सरकार द्वारा वहन की जाने वाली धनराशि से किया जाना था, परन्तु राज्य सरकार द्वारा उक्त देयता प्रदान न किए जाने के कारण इनका समायोजन किया जाना लम्बित था। राज्य सरकार पर आधिक्य की अवशेष देयता का विवरण **संलग्नक–1** में दिया गया है।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर मुख्य अभियंता ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए अपने उत्तर में बताया कि धनराशि प्राप्ति हेतु निरन्तर मॉग की जा रही है। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि यदि राज्य सरकार द्वारा धनराशि प्रदान नहीं की गयी तो अस्थाई रुप से निर्माण कार्यों पर भारित आधिक्य की धनराशि प्रोग्राम फण्ड से ही **व्यावर्तन** होगा जैसा कि अस्थाई रुप से किया गया है, जिसकी जिम्मेदारी इकाई की होगी।

अतः राज्य सरकार पर रु0 48.71 करोड की लम्बित देयता का प्रकरण संज्ञान में लाया जाता है।

<u>संलग्नक–1</u>

**राज्य सरकार पर आधिक्य की अवशेष देयता**

| क्र0 सं0 | मार्ग का नाम एवं पैकेज सं0 | जनपद | फेज | स्वीकृति धनराशि | निविदा की धनराशि | आधिक्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऐता से चरेख मो0 मार्ग, स्टेज–1 | पौडी | III | 273.40 | 294.79 | 21.39 |
| 2 | त्रिपाली सेन से डंगरी मो0 मार्ग, स्टेज–2 | पौडी | XI | 517.32 | 574.08 | 56.76 |
| 3 | तराडी से तैया मो0 मार्ग, फेज–10 | अल्मोडा | X | 429.08 | 438.45 | 9.37 |
| 4 | बांसबगढ–कोटा–पन्द्रहपाली मो0 मार्ग, स्टेज–1 | पिथौरागढ़ | X | 794.07 | 901.79 | 107.72 |
| 5 | सौंधार से पनुवाघोखन मो0 मार्ग,स्टेज–2 | अल्मोडा | XI | 638.48 | 679.13 | 40.65 |
| 6 | चण्डाक से पाभें–चमाली मो0 मार्ग | पिथौरागढ़ | VII | 960.87 | 1002.06 | 41.19 |
| 7 | चण्डाक से पाभाई–चमेली मोटर मार्ग | पिथौरागढ़ | VII | 960.87 | 1181.97 | 221.10 |
| 8 | बडकोट (चक्रगांव) कन्सेरु मोटर मार्ग | उत्तरकाशी | VII | 356.91 | 421.46 | 64.55 |
| 9 | टेका से केवर्स मोटर मार्ग एवं खण्डसैण से वैजूली मोटर मार्ग | पौडी | VI | 105.81 | 133.39 | 27.58 |
| 10 | धौनतरी–सिरीगांव मोटर मार्ग,मोटर मार्ग | उत्तरकाशी | III | 120.24 | 152.95 | 32.71 |
| 11 | नाई सिलखाणी–मठियाली मोटर मार्ग | टिहरी | IV | 457.40 | 554.07 | 96.67 |
| 12 | एम0डी0आर0 किमी0 65 से किशनपुर मोटर मार्ग | उत्तरकाशी | IV | 57.22 | 83.86 | 26.64 |
| 13 | देघाट–चिन्तोली मोटर मार्ग (अतिरिक्ति मद कार्य) | अल्मोडा | V | 453.64 | 468.82 | 15.18 |
| 14 | पीनानीधर से पिनानी मोटर मार्ग | पौडी | V | 75.13 | 93.14 | 18.01 |
| 15 | चकराता–त्यूनी मोटर मार्ग से बाना–चिल्हाड़ मोटर मार्ग | देहरादून | V | 156.09 | 201.84 | 45.75 |
| 16 | छीड़ा खान–अजमड़ मोटर मार्ग | नैनीताल | V | 554.39 | 696.31 | 141.92 |
| 17 | दुलाधारबैण्ड से गणेशनगर मोटर मार्ग | रुद्रप्रयाग | V | 299.32 | 350.69 | 51.37 |
| 18 | गैरी राजपूतों की कोरदी मोटर मार्ग | टिहरी | V | 89.53 | 111.49 | 21.96 |
| 19 | वालिक से गागर मोटर मार्ग | चम्पावत | IV | 275.09 | 283.81 | 8.72 |
| 20 | थराली से कुराड़ मोटर मार्ग | चमोली | V | 380.55 | 516.85 | 136.30 |
| 21 | चाकीसेण से जाख मोटर मार्ग | पौडी | VI | 42.71 | 54.11 | 11.40 |
| 22 | (पंचवटी) रीठाखाल से नाई | पौडी | VI | 353.33 | 461.51 | 108.18 |
| 23 | रिंगालपानी–जसपुर मार्ग से ग्वील गढकोट मो0 मार्ग | पौडी | XII | 888.51 | 1008.34 | 119.83 |
| 24 | धत्तू से गवाणा तल्ला मोटर मार्ग | टिहरी | XII | 446.42 | 499.03 | 52.61 |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | पौखरी से गोपेश्वर मोटर मार्ग अपग्रडेशन | चमोली | XII | 941.14 | 1012.72 | 71.58 |
| 26 | नाचनी से बांसबगढ एंव कपकोट समातेजम मो0 मार्ग, स्टेज–2 | पिथौरागढ़ | XII | 1300.34 | 1464.19 | 163.85 |
| 27 | धनसाली टिहरी प्रतापनगर मो0 मार्ग के किमी0–33 से बुरान्ट मो0 मार्ग | टिहरी | XII | 573.26 | 654.47 | 81.21 |
| 28 | उखीमठ से किमााणा किरोखी मो0 मार्ग | रुद्रप्रयाग | VI | 261.84 | 299.35 | 37.51 |
| 29 | जैथा से कोटूडा मो0 मार्ग, स्टेज–2 | अल्मोडा | XII | 649.51 | 704.01 | 54.50 |
| 30 | कपकोट–कर्मी–तोली से बघर मो0 मार्ग के किमी0 02 में 48 मी स्पान | बागेश्वर | XI | 211.74 | 219.66 | 7.92 |
| 31 | भागादेवली से मेरगांव मो0 मार्ग, स्टेज–2 | अल्मोडा | VII | 226.93 | 259.50 | 32.57 |
| 32 | कोटा जखवारी मल्लि मो0 मार्ग,स्टेज–2 | रुद्रप्रयाग | XI | 158.23 | 205.48 | 47.25 |
| 33 | मसूरी चकरौता मो0 मार्ग के किमी0 72 से हयोटगरी मो0 मार्ग | देहरादून | XII | 458.75 | 469.37 | 10.62 |
| 34 | कोटा बैण्ड से सेन्ज चन्दाउ मो0 मार्ग, स्टेज–1 एंव 2 | देहरादून | XII | 474.33 | 512.23 | 37.90 |
| 35 | पंजिटिलाानी से छिबाउ–खमरोली मो0 मार्ग, स्टेज–2 | देहरादून | XII | 110.23 | 118.76 | 8.53 |
| 36 | बजून से अघोरा मो0 मार्ग,स्टेज–2 | नैनीताल | XII | 252.48 | 256.03 | 3.55 |
| 37 | पिपरा मीनस रोड किमी0–05 से वायला मोटर मार्ग को अवशेष कार्य | देहरादून | V | 468.41 | 591.75 | 123.34 |
| 38 | सहिया से समाल्टा–डुडोली मसराड मो0 मार्ग, स्टेज–1 | देहरादून | VII | 257.99 | 275.08 | 17.09 |
| 39 | खितोली से ग्यिर–रायतोली मो0 मार्ग, स्टेज–1 एवं 2 | पिथौरागढ़ | XII | 925.58 | 942.09 | 16.51 |
| 40 | होकरा से नामिक मो0 मार्ग स्टेज–1 | पिथौरागढ़ | XIII | 1757.98 | 1827.06 | 69.08 |
| 41 | देवीछोना से खेतर कन्याल गराली मो0 मार्ग, स्टेज–1 | पिथौरागढ़ | XII | 1288.06 | 1297.06 | 9.00 |
| 42 | पाखूं से चौसाला मो0 मार्ग, स्टेज–1 | पिथौरागढ़ | XII | 2099.47 | 2158.35 | 58.88 |
| 43 | देवीछोना से जमताडी मो0 मार्ग, स्टेज–1 | पिथौरागढ़ | XII | 746.84 | 750.96 | 4.12 |
| 44 | खरादी नगाण गांव मार्ग, किमी0 01 में 54 मी0 स्पान स्टील गर्डर पुल का निर्माण | उत्तरकाशी | V | 211.80 | 261.80 | 50.00 |
| 45 | पोखरी–गोपेश्वर किमी0 9 से तुन्जे मोटर मार्ग | चमोली | XIII | 377.58 | 403.09 | 25.51 |
| 45+22= 67 | 22 विभिन्न मो0 मार्गो हेतु स्वीकृत निविदा आधिक्य की अवशेष धनराशि | | | 13957.37 | 16420.54 | 2463.17 |
| | **योग :–** | | | **37396.24** | **42267.49** | **4871.25** |

## भाग–II 'ब'

**प्रस्तर–2 परिवहन भत्ता रु0 14,000 की कटौती न किए जाने से अधिक भुगतान।**

कार्यालय मुख्य अभियंता, यू0आर0आर0डी0ए0, पी0एम0जी0एस0वाई0, देहरादून के वाहन कटौती से सम्बन्धित लेखा–अभिलेखों की नमूना लेखापरीक्षा जॉच पाया गया था कि श्री शंकर राम, वन अधिकारी को 17.08.2017 से किराए का वाहन उपलब्ध कराया गया है तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा सितम्बर 2017 से वाहन अनुमन्यता के सापेक्ष रु0 2000/– प्रतिमाह की कटौती किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु कार्यालय द्वारा सम्बन्धित आदेश के विपरीत वेतन बिल से रु0 2000/– प्रतिमाह की दर से कटौती नहीं की गयी। परिणामतः उक्त अधिकारी को माह सितम्बर 2017 से मार्च 2018 तक कुल रु0 14,000 अधिक भुगतान किया गया जिसकी वसूली की जानी लम्बित थी।

लेखापरीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर मुख्य अभियंता ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार करते हुए अपने उत्तर में बताया कि त्रुटिवश कटौती किया जाना छूट गया है जिसकी कटौती आगामी माह से सम्बन्धित अधिकारी के देयक से की जाएगी।

अतः परिवहन भत्ता रु0 14,000 की कटौती न किए जाने से अधिक भुगतान का प्रकरण संज्ञान में लाया जाता है।

## भाग–III

**विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरणः**

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | भाग–।। 'अ' प्रस्तर संख्या | भाग–।। 'ब' प्रस्तर संख्या | स्टैन |
|---|---|---|---|
| 56 / 2016–17 | 1 | – | – |

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 56 / 2016–17 | भाग–।। 'अ' प्रस्तर–1 | कार्यालय द्वारा अनुस्मारक के बावजूद भी कोई अनुपालन आख्या प्रस्तुत नहीं की गई। | अनुपालन के अभाव में प्रस्तर यथावत् रखे जाने की संस्तुति की जाती है। | |

## भाग–IV

### इकाई के सर्वोत्तम कार्य

–– शून्य ––

# भाग–V

1. कार्यालय महालेखाकार लेखापरीक्षा उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना सम्बन्धी सहयोग सहित मांगे गए अभिलेख एवं सूचनाऐं उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय मुख्य अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, देहरादून तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार **व्यक्त** करता है। तथापि लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किए गयेः–
   (i) } पूर्व लम्बित प्रस्तर एवं नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी की अनुपालन आख्या
   (ii)
2. सतत् अनियमितताऐंः
   (i) } –– शून्य ––
   (ii)
3. लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयाध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गयाः–

| **क्र0 सं0** | **नाम** | **पदनाम** | **अवधि** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री आदित्य कुमार दिनकर | मुख्य अभियंता | 15.07.2014 से 30.06.2017 |
| 3. | श्री के0के0 श्रीवास्तव | – तदैव – | 01.07.2017 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति कार्यालय मुख्य अभियंता, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उत्तराखण्ड ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, देहरादून को इस आशय से प्रेषित कर दी जाएगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे उप– महालेखाकार, सामाजिक क्षेत्र, कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा), महालेखाकार भवन, कौलागढ, को प्रेषित कर दी जाए।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**